Our Website- https://thehindipage.com/blog/

Join Telegram- https://t.me/siddhivinayakpariwarsangaria

Our Youtube Channel- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg
(Channel Name- SIDDHI VINAYAK SANGARIA)

Our Youtube Channel- https://www.youtube.com/channel/UCCuzYzFjV7wh6egIWSL8pMQ
(Channel Name- Dr. Dinesh Kumar Jakhar)

पर्यावरण शिक्षण शास्त्र (EVS) Environmental Pedagogy

REET L1, CTET, HTET, PTET & All TET Competition Exam

1- स्थानों, दूरियों और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने की क्षमता है:

(1) दिशात्मक कौशल (2) चित्रण कौशल

(3) स्थितीय कौशल (4) ग्राफिक कौशल

2- ई. वी. एस. शिक्षण-अधिगम में कक्षा में प्राप्त अधिगम को विद्यालय के बाहर के जीवन से जोड़ने और इसे समृद्ध करने का तात्पर्य है:

(1) पाठ्यपुस्तकों से बाहर जाना।

(2) वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों और चिंताओं को पाठ्यपुस्तकों से लिंक करना।

(3) पूर्ण विद्यालय दृष्टिकोण।

(4) पाठ्यचर्या से बाहर जाना।

(3) ई. वी. एस. पाठ्यपुस्तक में सपैरों पर एक अध्याय है। इसका उद्देश्य बच्चों को जागरूक करना और संवेदनशील बनाना है:

(1) कि यह एक अवैध कार्य है।

(2) सँपेरों के लिए क्योंकि बच्चे इन दिनों अक्सर उन्हें नहीं देखते हैं।

(3) कि सँपेरे साँपों को नुकसान नहीं पहुँचाएँ और उन्हें अपनी आजीविका से बंचित करने से पहले विकल्पों को प्रदान करने की आवश्यकता है।

(4) कि पशुपालन आजीविका का अच्छा स्रोत है।

(4) महिलाएँ पुरूषों की तुलना में कमजोर हैं। यह एक..... है।

(1) मिथक (2) वैज्ञानिक तथ्य

(3) रूढ़िबद्ध धारणा (4) अंधविश्वास

(5) कक्षा **IV** की एक शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों से कहा, "कुछ वयोवृद्ध लोगों से यह पूछिए कि जब वे जवान थे तो क्या उन्होंने कुछ ऐसे पौधे देखें थे जो आजकल नहीं दिखाई पड़ते।"

उपरोक्त प्रश्न के पूछे जाने पर निम्नलिखित में से किस कौशल के आकलन की सम्भावना नही है?

(a) चर्चा (b) प्रश्न पूछना

(2) अभिव्यक्ति (3) प्रयोग

(6) कक्षा **III** के एक शिक्षक ने अपने बच्चों को निम्नलिखित पेड़ पौधों की पत्तियों को विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत करने को कहा जैसे नींबू, आम, तुलसी, पुदीना, नीम, केला आदि।

कुल विद्यार्थियों ने पत्तियों का वर्गीकरण इस प्रकार किया:

(a) दवाओं के गुणों वाली पत्तियाँ और दवाओं के गुण से रहित पत्तियाँ

(b) बड़ी पत्तियाँ और छोटी पत्तियाँ शिक्षक ने समूह (a) को सही माना और समूह (b) को गलत।

निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन अधिगम प्रतिबिम्बित करता है?

(a) यह क्रियाकलाप पत्तियों से सूचना ग्रहण करने पर केन्द्रित है, जिसका भिन्न अर्थ लगाया जा सकता है।

(b) बच्चे बहुत प्रकार के संदर्भों को कक्षा में ले आते हैं, जिसकी सराहना होनी चाहिए।

(c) अपने अनुभवों पर निर्भर करते हुए बच्चे वर्गीकरण के बहुत से तरीकों का उपयोग कर सकते हैं।

(d) वर्गीकरण का कार्य बहुत विशिष्ट और स्तरीकृत है तथा इसका एक ही सही उत्तर होता है।

7. दिए गए प्रश्न को ध्यान से पढ़िए:

"क्या आपने अपने घर या स्कूल के आस पास जानवर देखे हैं, जिनके छोटे बच्चे हैं? अपनी नोटबुक में उनके नाम लिखिए।"

इस प्रश्न के माध्यम से किस प्रक्रमण कौशल का आकलन किया गया है?

(a) अवलोकन एवं रिकॉर्डिंग

(b) वर्गीकरण एवं चर्चा

(c) परिकल्पना एवं प्रयोग

(d) न्याय के लिए सरकार

8. कक्षा V की शिक्षिका एक एल्युमीनियम फॉइल लेती है और पानी में डाल देती है एवं दिखाती हैं कि वह ऊपर तैरता है। फिर वह फॉइल को मरोड़कर जोर से दबाती (निचोड़ती) है और फिर से पानी में डालती है तथा शिक्षार्थियों को दिखाती है कि वह डूबता है। बाद में वह शिक्षार्थियों को यह सोचने और कारण देने के लिए कहती है कि ऐसा क्यों हुआ? इस प्रश्न का उत्तर देने में निम्नलिखित में से कौन सा प्रक्रमण कौशल का प्रयोग किया जाएगा?

(a) मापन (b) परिकल्पना

(c) वर्गीकरण (d) अवलोकन

9. एन.सी.ई.आर.टी. की पर्यावरण अध्ययन की कक्षा V की पाठ्य-पुस्तक में 'सुनीता अंतरिक्ष में' शीर्षक पाठ स्पेस. में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के अनुभवों का वर्णन करता है। इसे शामिल करने का/के क्या कारण हो सकता/सकते हैं?

(i) यह घटना अंतरिक्ष यात्रियों की जिन्दगी में झाँकने का अवसर देती है।

(ii) यह घटना स्पेसशिप में भौतिक स्थितियों का वर्णन करती है।

(iii) यह घटना स्त्री-पुरुष लिंग (जेण्डर) रूढ़िवादिता को चुनौती देती है।

(iv) यह घटना गुरुत्वाकर्षण की अवधारणा को समझने में मदद करती है।

कूट:

(a) केवल iv (b) i, ii, ii

(c) i, ii, iii, iv (d) केवल i

10. प्राथमिक कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य संबंधित नहीं है?

(a) विज्ञान के आधारभूत प्रत्ययों और सिद्धांतों को रटकर याद कर लेना।

(b) पर्यावरण को खोजने के अवसर प्रदान करना।

THE HINDI PAGE जाने कुछ नया www.thehindipage.com

(c) अवलोकन, मापन, भविष्य कथन और वर्गीकरण जैसे कौशलों का विकास करना।

(d) भौतिक और सामाजिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना।

11. पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण से उन प्रक्रिया पर आधारित कौशलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जो पूछताछ आधारित प्रत्यक्ष अनुभवों के केन्द्रबिन्दु है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऐसा कौशल नहीं है?

(a) पूर्वानुमान (b) निर्धारण

(c) निष्कर्ष निकालना (d) अवलोकन

12. कक्षा V की अध्यापिका माहिका चाहती है कि उसके विद्यार्थी आस-पास के पौधों का अवलोकन करें। सार्थक अधिगम (सीखने) के लिए उसे बच्चों को क्या करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए?

(a) यह समझना कि पौधे भी सजीव होते हैं।

(b) यह समझना कि पौधे हमारे लिए उपयोगी होते हैं।

(c) अधिकतम पौधों के नाम लिखना।

(d) उनकी ऊँचाई, पत्तियों, गन्ध और उगने के स्थानों में अन्तर का अवलोकन करना।

13. ई.वी.एस. संक्षेपण.....अर्थ में प्रयुक्त होता है:

(a) एनवार्यमेंटल स्किल्स

(b) एनवार्यमेंटल साइन्स

(c) एनवार्यमेंटल सोर्सेज

(d) एनवार्यमेंटल स्टडीज

14. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण का उद्देश्य नहीं है?

(a) कक्षा-कक्ष में होने वाले अधिगम को विद्यालय के बाहर की दुनिया के साथ जोड़ना।

(b) शिक्षक कक्षा-कक्ष में कड़े अनुशासन को सुनिश्चित करें।

(c) बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए अवश्य अभिप्रेरित करना चाहिए।

(d) बच्चों को अपने निकटतम परिवेश से परिचय प्राप्त करने के लिए अवश्य अभिप्रेरित करना चाहिए।

15. कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तक के एक पाठ में 'सर्वेक्षण और लेखन' पर एक भाग का मुख्य उद्देश्य है:

(a) शिक्षार्थियों की सामान्य जानकारी का आकलन करना।

(b) शिक्षार्थियों को अवसर उपलब्ध कराना कि चीजों को खोजें और सीखें।

(c) विषय की आधारभूत अवधारणाओं को सीखने में शिक्षार्थियों की मदद करना।

(d) शिक्षार्थियों के व्यावहारिक कौशलों में सुधार करना।

16. कक्षा V की EVS की पाठ्य-पुस्तक के किसी पाठ में 'सोचिए और चर्चा कीजिए' भाग में 'नीचे' दिया गया कथन लिखा है: यदि आपके गाँव अथवा शहर में एक सप्ताह तक पेट्रोल अथवा डीजल न हो, तो क्या होगा?" इस कथन का मुख्य उद्देश्य है:

(a) छात्रों को तेल के न्याय संगत उपयोग के बारे में संवेदनशील बनाना।

(b) छात्रों को पेट्रोल और डीजल के स्रोतों के में मूल्यांकन।

(c) वास्तविक जीवन की चिन्ताओं को समझने हेतु कल्पना और सोचने विचारने की कुशती को बढ़ावा देना।

(d) पेट्रोल और डीजल की कमी के बारे में जागृति उत्पन्न करना।

THE HINDI PAGE
जाने कुछ नया
www.thehindipage.com

17. प्राथमिक स्तर पर EVS की पढ़ाई का एक प्रमुख उद्देश्य है:

(a) विषय की मूल संकल्पनाओं की गहन समझ विकसित करना।

(b) अगले स्तर के अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना।

(c) कक्षा की पढ़ाई को शिक्षार्थी के विद्यालय से बाहर के जीवन से सम्बन्धित करने में सहायता करना।

(d) स्वतंत्र रूप से हस्तसिद्ध क्रिया-कलापों को करने का कौशल अर्जित करना।

18. प्राथमिक स्तर की EVS की पाठ्यचर्या को शुद्ध विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की संकल्पनाओं को सम्मिलित करके विकसित किया गया है। ऐसा करने का मुख्य उद्देश्य है:

(a) शिक्षार्थी को पर्यावरण को साकल्यवादी ढंग से देखने योग्य बनाना।

(b) पढ़ाई के विषयों की संख्या को कम करना।

(c) विद्यार्थी के बस्ते का बोझ कम करना।

(d) विषय अध्यापकों की आवश्यकता को कम करना।

19. सामाजिक विज्ञान के सन्दर्भ में पर्यावरण अध्ययन पढ़ने का निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य नहीं है?

(a) से बच्चों को मुख्य शब्दावली की सही परिभाषा याद करने योग्य बनाना चाहिए।

(b) इसे शिक्षार्थियों को विद्यमान विचारों ओर अभ्यासों पर प्रश्न करने के योग्य बनाना चाहिए।

(c) इसे बच्चों को समाज के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में बढ़ने के योग्य बनाना चाहिए।

(d) से बच्चों को संस्कृति-अभ्यासों में विविधता का सम्मान करने योग्य बनाना चाहिए।

20. एन सी ई आर टी की पाठ्य-पुस्तक में पर्यावरण अध्ययन को उच्च प्राथमिकता और स्थान दिया गया है:

(a) अधिक संख्या में अभ्यास प्रश्नों को शामिल करने के लिए।

(b) विषम की आधारभूत संकल्पनाओं की व्याख्या करने के लिए।

(c) चिन्तन और विस्मय के लिए शिक्षार्थियों को अवसर उपलब्ध कराने के लिए।

(d) तकनीकी शब्दावली की सटीक परिभाषाएँ उपलब्ध कराने के लिए।

THE HINDI PAGE
जाने कुछ नया
www.thehindipage.com